# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

विद्युत प्रशिक्षण संस्थान
(केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त)
सरोजनी नगर,लखनऊ
दूरभाष 0522 - 2476347, 2476254

Electricity Training Institute
(Recognised by Central Electricity Authority)
Sarojini Nagar,Lucknow
Phone No 0522 - 2476347, 2476254

पत्रांक 1203 /वि0प्र0सं0(ल0)/व्यव0परीक्षा-11/11 दिनांक 18.10.2011

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0/ज0वि0उ0नि0लि0, लखनऊ।
प्रबन्ध निदेशक,
पूर्वांचल/पश्चिमांचल/मध्याँचल/दक्षिणाँचल
विद्युत वितरण निगम लि0/केस्को,
वाराणसी/मेरठ/लखनऊ/आगरा/कानपुर।
निदेशक (का0प्र0एवं प्र0), शक्ति भवन, लखनऊ।
मुख्य अभियन्ता,
उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड,
ओबरा/अनपरा/पनकी,कानपुर/परीछा,झांसी/कासिमपुर,अलीगढ़।

विषय : <u>अभियन्ता अधिकारियों (वैद्युत एवं यांत्रिकी/जानपद संवर्ग) की व्यावसायिक परीक्षा भाग-1 व 2</u>

महोदय,

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के कार्यालय ज्ञाप संख्या 2023-अ0प्र0-07/पाकालि/11-34-अ0प्र0-07/94, दिनांक 03.10.2011 के द्वारा वैद्युत एवं यांत्रिकी/कम्प्यूटर संवर्ग एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या 698-अ0प्र0-07/पाकालि/11-35-अ0प्र0-07/94, दिनांक 04.04.2011 के द्वारा जानपद संवर्ग के अभियन्ता अधिकारियों की व्यावसायिक परीक्षा भाग-1 व 2 आयोजित करने हेतु एक स्थाई समिति मुख्य अभियन्ता एवं अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग, लखनऊ की अध्यक्षता में गठित की गयी है। जिसके संयोजक निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ को मनोनीत किया गया है।

(1) आगामी व्यावसायिक परीक्षा दिनांक 27.11.2011 को सम्पन्न किया जाना प्रस्तावित है।
(2) व्यावसायिक परीक्षा भाग-1 एवं 2, दिनांक 27.11.2011 को निम्न केन्दों पर आयोजित किया जायेगा।
    (1) विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ।
    (2) कार्यालय प्रबन्ध निदेशक (पूर्वांचल), विद्युत वितरण निगम लि0, मडुआडीह, वाराणसी।
    (3) कार्यालय प्रबन्ध निदेशक (पश्चिमांचल), विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
(3) इस परीक्षा में उ0प्र0पा0कार0लि0 में आमेलित अभियन्ता अधिकारी ही सम्मिलित हो सकते है।
(4) परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभियन्ता अधिकारी दिये गये प्रार्थना-पत्र को भरकर तथा अपने नियन्त्रक अधिकारी से अग्रसारित कराकर निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ के पास दिनांक 20.11.2011 तक अवश्य भिजवा दें तथा उसकी प्रति, जिस केन्द्र में व्यावसायिक परीक्षा दी जानी है, वहाँ के प्रबन्ध निदेशक/महाप्रबन्धक/निदेशक को पृष्ठांकित की जानी होंगी।

--2/

(5) व्यावसायिक परीक्षा भाग-1 में सहायक अभियन्ता (प्रशिक्षु) सम्मिलित नही हो सकते।

(6) व्यावसायिक परीक्षा भाग-2 में वही अभियन्ता भाग ले सकते हैं जिनका दिनांक 20.11.2011 तक 8 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका हो।

(7) व्यावसायिक परीक्षा भाग-1 में एक तकनीकी व एक लेखा प्रश्न-पत्र होगा तथा भाग-2 में केवल एक तकनीकी प्रश्न-पत्र होगा जिसमें समस्त प्रश्न-पत्रों में 40% एवं मौखिक परीक्षा में 50% प्राप्तांक अनिवार्य होगा।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अभियन्ता अधिकारियों में व्यापक प्रसार इस प्रकार करें कि परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभियन्ताओं के प्रार्थना-पत्र दिनांक 20.11.2011 तक निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ को अवश्य प्राप्त हो जाय।

भवदीय

संलग्नक : प्रार्थना-पत्र का प्रारूप।

(इं0 आई0 के0 भारद्वाज)
निदेशक एवं संयोजक
व्यावसायिक परीक्षा-2011

पत्रांक 1203 /वि0प्र0सं0/व्यावसायिक परीक्षा/तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) विद्युत पारेषण मंडलों में कार्यरत अधीक्षण अभियन्ता।

(2) विद्युत वितरण मंडलों/कार्य मंडलों/भण्डार मंडलों में कार्यरत अधीक्षण अभियन्ता।

(3) अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष संख्या 407, शक्ति भवन, लखनऊ को उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0 की वेब साइट www.uppcl.org पर अपलोड करने हेतु।

(इं0 आई0 के0 भारद्वाज)
निदेशक एवं संयोजक
व्यावसायिक परीक्षा-2011

## व्यावसायिक भाग-1/2 परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रार्थना-पत्र का प्रारूप

1. नाम :.................................................
2. पिता का नाम :.................................................
3. जन्म तिथि :.................................................
4. अभिज्ञान संख्या :.................................................
5. सम्प्रेक्षा संख्या :.................................................
6. योग्यता
   (अ) शैक्षिक :.................................................
   (ब) तकनीकी :.................................................
7. नियुक्ति का वर्ष :.................................................
8. सहा0अभि0 पद पर नियुक्ति तिथि :.................................................
9. वर्तमान पद :.................................................
10. वर्तमान नियुक्ति स्थल एवं व्यक्तिगत :.................................................
    मोबाइल नं0 (पूरे पते सहित) :.................................................
11. व्यावसायिक परीक्षा भाग-1 में उत्तीर्ण होने का वर्ष :...........................................
12. परीक्षा केन्द्र जहाँ व्यावसायिक परीक्षा में सम्मिलित होंगे। :.................................................
13. कोई अन्य सूचना :.................................................

हस्ताक्षर......................................
नाम.........................................
पद..........................................
पता.........................................
...............................................

टिप्पणी

परीक्षा केन्द्र :-

(1) लखनऊ : समस्त अधिकारी जो मध्याँचल/शक्ति भवन,लखनऊ/केस्को,कानपुर/पारेषण(मध्य) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं

(2) वाराणसी: समस्त अधिकारी जो पूर्वां0वि0वि0नि0लि0,वाराणसी/मुख्य अभियन्ता,पारेषण(पूर्व) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं।

(3) मेरठ : समस्त अधिकारी जो पश्चि0वि0वि0नि0लि0,मेरठ/दक्षि0वि0वि0नि0लि0,आगरा/मुख्य अभियन्ता, पारेषण(पश्चिम) एवं पारेषण(दक्षिण) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं।

(4) विशेष ध्यान दें : व्यावसायिक परीक्षा भाग-1 हेतु अनुलग्नक-2 तथा अनुलग्नक-3 (खण्डीय लेखाकार के हस्ताक्षर सहित) के अनुसार प्रमाण-पत्र एवं व्यावसायिक परीक्षा भाग-2 हेतु केवल अनुलग्नक-2 में वर्णित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**अनुलग्नक - 2**

## व्यावसायिक परीक्षा भाग-1 व 2 के लिये योग्यता का प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि..................................................अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/उपखण्ड अधिकारी शारीरिक रूप से स्वस्थ्य है तथा तकनीकी कार्य में निपुण हैं तथा अपने अधीनस्थों पर समुचित नियन्त्रण रखने में सक्षम है।

अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता
(कार्यालय मुहर)

**अनुलग्नक - 3**

## लेखाकार्य की निपुणता का प्रमाण-पत्र (केवल व्यावसायिक परीक्षा भाग-1 के लिये)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री........................................अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/उपखण्ड अधिकारी ने दो माह का प्रशिक्षण लेखाकार्य में प्राप्त किया है तथा उन्होंने व्यावसायिक परीक्षा भाग-1 के लिये हाइडिल मैनुअल आर्डर के अनुसार आवश्यक लेखाकार्यों का ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

खण्डीय लेखाकार

अधिशासी अभियन्ता
(कार्यालय मुहर)

# परीक्षा का विवरण

## व्यावसायिक परीक्षा भाग-1

(1) तकनीकी प्रश्न-पत्र दिनांक 27.11.2011 समय 10.00 बजे से 13.00 बजे तक
(2) लेखा प्रश्न-पत्र दिनांक 27.11.2011 समय 14.00 बजे से 17.00 बजे तक

## व्यावसायिक परीक्षा भाग-2

(1) तकनीकी प्रश्न-पत्र दिनांक 27.11.2011 समय 10.00 बजे से 13.00 बजे तक

नोट :-

विद्युत प्रशिक्षण संस्थान में व्यावसायिक परीक्षा भाग-2 के प्रतिभागियों की मौखिक परीक्षा दिनांक 27.11.2011 को 14.00 बजे से प्रारम्भ होगी तथा भाग-1 के परीक्षार्थियों की मौखिक परीक्षा 17.00 बजे के उपरान्त ली जायेगी एवं अन्य परीक्षा केन्द्रों की मौखिक परीक्षा उपरोक्तानुसार सम्बन्धित केन्द्र पर ही सम्पन्न करायी जायेगी।

( इं0 आई0 के0 भारद्वाज )
निदेशक एवं संयोजक
व्यावसायिक परीक्षा-2011